3.	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class-X, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4.	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5.	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after deliberation and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6.	Evaluators will mark (√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right **(✓)** while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7.	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8.	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9.	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10.	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11.	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.

12.	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).
13.	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14.	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0) Marks.
15.	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16.	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17.	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18.	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

Marking Scheme
Class X -Social Science (087)
SET-32/4/3

SET -3 **MM-80**

Q.No.		मूल्य बिन्दु	Page No.	Marks
		खण्ड –क **(बहुविकल्पीय प्रश्न)**		**(20X1=20)**
1	(d)	विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्ति वितरण।	**8 P**	**1**
2	(b)	केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों की साझेदारी सुनिश्चित करके।	**16 P**	**1**
3	(a)	दोनों, (A) और (R) सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या करता है।	**2 P**	**1**
4	(d)	(iii), (iv), (ii) और (i)	**45-47 G**	**1**
5	(b)	कॉफी	**37 G**	**1**
6	(c)	काली मृदा	**7 G**	**1**
7	(c)	II, I, IV और III	**10-21H**	**1**
8	(b)	अबनींद्रनाथ टैगोर **नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 3 के स्थान पर हैं।**	**47 H**	**1**
	(d)	बी.आर. अम्बेडकर	**44 H**	
9	(a)	भारतीय समाचार–पत्रों को प्रतिबंधित करके	**127 H**	**1**
10	(d)	व्यापार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के कारण	**54 H**	**1**
11	(c)	केवल (i), (ii) और (iv) सही है।	**5 E**	**1**
12	(c)	बढ़ी हुई संयोजकता	**63 E**	**1**
13	(a)	(i) और (iii) सही है।	**48 E**	**1**
14	(c)	उत्पादन गतिविधियों की प्रकृति	**20 E**	**1**
15	(d)	डॉक्टर, शिक्षक, वकील	**20 E**	**1**
16	(a)	प्रति व्यक्ति आय	**8 E**	**1**
17	(a)	A	**13 E**	**1**
18	(c)	1992	**24 P**	**1**
19	(b)	नागरिक नीतियों के निर्धारण में स्वयं को सशक्त महसूस करते है।	**64 P**	**1**
20	(d)	बीजू जनता दल – ओडिशा	**56 P**	**1**

	खण्ड – ख (अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)		(4X2=8)
21	**(A) "संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) नियोजन उन देशों के लिए महत्वपूर्ण है जहाँ संसाधनों की उपलब्धता में अधिक विविधता है। (ii) यह उन प्रदेशों के लिए महत्वपूर्ण है जहाँ एक तरह की संसाधनों की प्रचुरता है और दूसरे तरह के संसाधनों की कमी है। (iii) नियोजन राष्ट्रीय, राज्य और क्षेत्रीय स्तरों पर संसाधनों के संतुलित वितरण में मदद करती है। (iv) नियोजन सतत् विकास में सहायता प्रदान करता है। (v) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।** **अथवा** **(B) "मानव जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संसाधनों का समाज में न्यायसंगत बंटवारा आवश्यक है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) सतत अस्तित्व सतत विकास का एक हिस्सा है। (ii) यदि कुछ व्यक्तियों और देशों द्वारा संसाधनों का वर्तमान दोहन जारी रहता है, तो हमारे ग्रह का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। (iii) आर्थिक व पर्यावरणीय सुरक्षा प्रणाली पर ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है। (iv) संसाधनों का असमान वितरण क्षेत्रीय विकास में एक बड़ा अंतर पैदा करेगा जो राष्ट्र के लिए खतरा होगा। (v) जीवन के सभी प्रारूपों में सतत अस्तित्व के लिए संसाधन नियोजन आवश्यक है। (vi) संसाधनों के विकास एवं वितरण के लिए उचित प्रौद्योगिकी, कौशल एवं संस्थागत व्यवस्थाओं की आवश्यकता है। (vii) गुणात्मक और मात्रात्मक आकलन के साथ संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। (viii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**4 G** **3G**	**2X1=2** **2X1=2**

22	**महिलाओं की नेतृत्व भूमिकाओं में प्रतिनिधित्व बढ़ाने की कोई तरीके सुझाइये।** (i) सार्वजनिक जीवन में भागीदारी बढ़ाने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए। (ii) नारी शक्ति वंदन अधिनियम,2023 (महिला आरक्षण विधेयक) जैसे कानूनों का सख्ती से अनुपालन हो। (iii) समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए। (iv) शैक्षिक और कैरियर के अवसरों में सुधार किया जाए। (v) कौशल विकास पर कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए। (vi) सामुदायिक समर्थन को प्रोत्साहित किया जाए। (vii) महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। (viii) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु। **कोई तीन सुझाव अपेक्षित हैं।**	**6 P**	**2X1=2**
23	**जीवन की गुणवत्ता के लिए सार्वजनिक सुविधाओं की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।** (i) सार्वजनिक सुविधाएँ सरकार द्वारा प्रदान की जाती हैं। (ii) स्वास्थय सुविधाओं में सरकार द्वारा निवेश बढ़ाने से नागरिकों के जीवन में खुशहाली आती है। (iii) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा (विशेषरूप से प्राथमिक शिक्षा), प्रदान करना जिससे मानव संसाधन का विकास हो। (iv) सुरक्षित पेयजल अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करेगा। (v) गरीबों को आवास सुविधाएँ प्रदान करने से आधारभूत जीवन स्तर में सुधार होता है। (vi) सुरक्षित और अच्छी परिवहन सुविधाएँ प्रदान करने से आर्थिक गतिविधियों का विकास होता है। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं को स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है।**	**34 E**	**2X1=2**

24	**यूरोपीय हस्तक्षेप से पहले भारतीय उपमहाद्वीप व्यापारिक नेटवर्क के लिए क्यों महत्वपूर्ण था? स्पष्ट कीजिए।** (i) भारतीय उपमहाद्वीप पूर्व को पश्चिम से जोड़ने वाले रेशम मार्ग जैसे प्रमुख व्यापारिक मार्गों पर अवस्थित है। (ii) यह व्यापार नेटवर्क का केंद्र था। (iii) यह व्यापारिक मार्गों को भूमि एवं जल से जोड़ता है। (iv) चीनी पॉटरी, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से कपड़े व मसाले इन मार्गों के माध्यम से पहुँचाए जाते थे। (v) इसने वस्तुओं, लोगों, ज्ञान, रीति–रिवाजों आदि के आदान–प्रदान में मदद की। (vi) इस प्रकार, भारत इन महाद्वीपों के बीच व्यापार नेटवर्क के केंद्र में था और इस व्यापार में भाग लेता था। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**	**55 H**	**2X1=2**
	खण्ड – ग **(लघु–उत्तरीय प्रश्न)**		**(5X3=15)**
25	**1991 में लागू की गई व्यापार नीति ने भारत में वैश्वीकरण की प्रक्रिया को किस प्रकार उत्प्रेरित किया? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।** (i) विदेशी व्यापार पर अवरोधों को हटाया गया, जिससे व्यवसायों को आयात और निर्यात के अवसर मिलेंगे। (ii) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश को प्रोत्साहित किया गया। उदाहरणः सेल फोन, ऑटोमोबाइल, सॉफ्ट ड्रिंक, फास्ट फूड आदि। (iii) भारतीय कंपनियों को दुनिया भर के उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। (iv) भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिससे कुछ बड़ी भारतीय कंपनियां स्वयं बहुराष्ट्रीय बन गई हैं। उदाहरणः टाटा मोटर्स और इंफोसिस (v) विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार और नीतियां विकसित करना। उदाहरणः विशेष आर्थिक क्षेत्र। (vi) इसने सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। उदाहरणः आईटी। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **कोई तीन सुझाव अपेक्षित है।**	**64 E**	**3X1=3**

26	**भारत में कृषि को लाभदायक बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों की परख कीजिए।** (i) 1980 और 1990 के दशक में भूमि सुधारों में संस्थागत और तकनीकी सुधार शामिल थे। (ii) सूखा, बाढ़, चक्रवात, आग और बीमारी के खिलाफ फसल बीमा के प्रावधान पेश किए गए। (iii) कम ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करने के लिए ग्रामीण बैंकों और सहकारी समितियों की स्थापना की गई। (iv) किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उठाया गया कदम। (v) सरकार द्वारा व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना (PAIS) पेश की गई। (vi) रेडियो और टीवी पर किसानों के लिए विशेष मौसम बुलेटिन और कृषि कार्यक्रम का प्रसारण। (vii) सरकार द्वारा महत्वपूर्ण फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, लाभकारी और खरीद मूल्य की घोषणा। (viii) कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं की परख अपेक्षित है।**	**48-49E**	**3X1=3**
27	**(A) फ्रांसीसी क्रांतिकारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने के लिए उठाए गए कदमों का वर्णन कीजिए।** (i) पितृभूमि **"(la patrie)"** और नागरिक **"(le citoyen)"** के विचार (ii) एक नया फ्रांसीसी झंडा – तिरंगा चुना गया जिसने पहले राजध्वज की जगह ले ली। (iii) इस्टेट जेनरल बदलकर नेशनल असेंबली कर दिया गया। (iv) नई स्तुतियाँ रची गई, शपथें ली गई, शहीदों का गुणगान हुआ– और यह सब राष्ट्र के नाम पर हुआ। (v) एक केंद्रीय प्रशासनिक प्रणाली शुरू की गई। (vi) सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू किए गए। (vii) आंतरिक आयात – निर्यात शुल्क को समाप्त कर दिए गया। (viii) भार और माप की एक समान व्यवस्था लागू की गई। (ix) पेरिस में बोली जाने वाली फ्रेंच भाषा ने क्षेत्रीय बोलियों की जगह ले ली। (x) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**	**5H**	**3X1=3**

	अथवा **(B) उन ऐतिहासिक कारकों का वर्णन कीजिए जिन्होंने बाल्कन में राष्ट्रवादी तनावों के उदय में योगदान दिया।** (i) बाल्कन भौगोलिक और जातीय भिन्नता वाला क्षेत्र था। (ii) बाल्कन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा ऑटोमन साम्राज्य के नियंत्रण में था। (iii) रूमानी राष्ट्रवाद के विचार फैलने और ऑटोमन साम्राज्य के विघटन से इस क्षेत्र की स्थिति विस्फोटक हो गई। (iv) आंतरिक सुधारों के माध्यम से आधुनिकीकरण के अपने प्रयासों में ऑटोमन विफल रहे। (v) यूरोपीय राष्ट्रवादियों ने ऑटोमन नियंत्रण से अलग होकर अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। (vi) बाल्कन लोगों ने आजादी या राजनीतिक अधिकारों के अपने दावों को राष्ट्रीयता का आधार दिया, जिससे साबित हुआ कि वे कभी स्वतंत्र थे। (vii) बाल्कन क्षेत्र तब तीव्र संघर्ष में बदल गया जब प्रत्येक बाल्कन राष्ट्र ने दूसरे की कीमत पर अपने क्षेत्र का विस्तार करने की कोशिश की। (viii) इस क्षेत्र में बड़ी शक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के कारण परिस्थितियां अधिक जटिल हो गई। (ix) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**	**26H**	**3X1=3**
28	**लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।** (i) दल चुनाव लड़ते हैं। (ii) दल अलग–अलग नीतियाँ और कार्यक्रम पेश करते हैं। (iii) दल देश के लिए कानून बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। (iv) दल सरकार बनाते हैं और चलाते हैं। (v) जो दल चुनाव हार जाते हैं, वे विपक्ष की भूमिका निभाते हैं। (vi) दल जनमत को आकार देते हैं। (vii) दल लोगों की सरकारी मशीनरी और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँच प्रदान करते हैं। (viii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**	**48-49 P**	**3X1=3**

29	**भारत में तृतीयक क्षेत्रक के विकास को प्रेरित करने वाले कारकों की परख कीजिए।** (i) अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों आदि जैसे संस्थानों/संगठनों की आवश्यकता बढ़ रही है। (ii) कृषि और उद्योग के विकास ने बुनियादी ढांचे के विकास की मांग को बढ़ा दिया है। (iii) आय के स्तर में वृद्धि ने परिवहन, खरीदारी, होटल और रेस्तरां जैसी सेवाओं की मांग में वृद्धि की है। (iv) संचार और प्रौद्योगिकी में सुधार ने व्यापार और वाणिज्य को सुविधाजनक बनाया है। इससे तृतीयक क्षेत्र में विकास की आवश्यकता हुई है। (v) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**24E**	**3X1=3**
	खण्ड – घ **(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X5=20)**
30	**(A) गांधीजी के नमक मार्च ने विभिन्न समूहों को ब्रिटिश शासन के विरूद्ध कैसे संगठित किया? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।** (i) नमक कर के मुद्दे ने संपूर्ण भारत के विभिन्न समुदायों को एकजुट किया क्योंकि नमक एक ऐसी वस्तु थी जिसका उपभोग अमीर और गरीब दोनों समान रूप से करते थे। (ii) नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी मार्च की शुरुआत की गई। (iii) 78 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुआ और इसमें हजारों लोग शामिल हुए। (iv) हजारों लोगों द्वारा नमक कानून तोड़ा गया। (v) वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने वन कानूनों का उल्लंघन करके भागीदारी की। (vi) गांव के अधिकारियों द्वारा त्यागपत्र।	**39-43 H**	**5X1=5**

	(vii) अमीर किसानों (पाटीदार और जाट) की भागीदारी, जिन्हें सरकारी राजस्व का भुगतान करना असंभव लगा। (viii) गरीब किसानों की भागीदारी, जो जमींदारों को लगान नहीं दे सकते थे। (ix) भारतीय उद्योगपतियों की भागीदारी, जो ऐसी नीतियाँ चाहते थे जो मुक्त व्यापार को प्रतिबंधित न करें। (x) फैक्ट्री श्रमिकों द्वारा भागीदारी। (xi) महिलाओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी। (xii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।** **अथवा** **(B) "19वीं शताब्दी के दौरान भारत में इतिहास, लोककथाएं, गीत, प्रसिद्ध छाप, प्रतीकों ने राष्ट्रवाद को साकार करने में अपना योगदान दिया।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।** (i) राष्ट्रवादी इतिहासकारों द्वारा अतीत का महिमामंडन करते हुए इतिहास की पुनर्व्याख्या। प्राचीन भारतीय कला, वास्तुकला, विज्ञान, कानून और दर्शन में रुचि को पुनर्जीवित करने का उद्देश्य भारतीयों में गर्व की भावना उत्पन्न करना था। (ii) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित आनंदमठ ने वंदे मातरम को लोकप्रिय बनाया जिसने लोगों को एकजुट किया क्योंकि इसे स्वदेशी आंदोलन के दौरान मातृभूमि के लिए एक भजन के रूप में व्यापक रूप से गाया गया। (iii) भारतीय लोककथाओं को पुनर्जीवित करने के आंदोलन के माध्यम से राष्ट्रवाद का विचार विकास हुआ। (iv) उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में भारत में राष्ट्रवादियों ने भाटों द्वारा गाए गए लोक कथाओं को रिकॉर्ड करना शुरू किया और उन्होंने लोकगीतों और किंवदंतियों को इकट्ठा करने के लिए गाँवों का दौरा किया।	**46-48 H**	**5X1=5**

	(v) उनका मानना था कि ये कहानियाँ पारंपरिक संस्कृति की एक सच्ची तस्वीर पेश करती हैं। (vi) रवींद्रनाथ टैगोर ने गाथागीत, नर्सरी राइम्स और मिथकों का संग्रह किया। मद्रास में, नटेसा शास्त्री ने तमिल कहानियों का एक चार–खंड संग्रह प्रकाशित किया, जिसका नाम था ''द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया'' (vii) अबनिंद्रनाथ टैगोर ने भारत माता की छवि बनाई। माँ की छवि के प्रति समर्पण को राष्ट्रवाद के प्रमाण के रूप में देखा गया। (viii) जैसे–जैसे राष्ट्रीय आंदोलन विकसित हुआ, नेताओं को लोगों को एकजुट करने के लिए प्रतीकों और रूपकों के बारे में पता चला। (ix) बंगाल में स्वदेशी आंदोलन के दौरान, एक तिरंगा झंडा (लाल, हरा और पीला) डिज़ाइन किया गया था। इसमें आठ कमल थे जो ब्रिटिश भारत के आठ प्रांतों का प्रतिनिधित्व करते थे और एक अर्धचंद्र था, जो हिंदुओं और मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करता था। (x) 1921 तक गांधीजी ने स्वराज ध्वज डिज़ाइन कर लिया था जो बीच में चरखे के साथ एक तिरंगा था। (xi) मार्च के दौरान झंडा लेकर चलना अवज्ञा का प्रतीक बन गया। (xii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**		
31	**(A) ''भारत में बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए सतत् पोषणीय मार्ग को विकसित करना लाभदायक होगा।'' उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए।** (i) आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा मूलभूत आवश्यकता है। (ii) कृषि, उद्योग, परिवहन, वाणिज्यिक और घरेलू जैसे हर क्षेत्र को ऊर्जा की आवश्यकता होती है। (iii) संपूर्ण देश में सभी रूपों में ऊर्जा की खपत लगातार बढ़ रही है। (iv) ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का बढ़ता उपयोग ऊर्जा की सतत् आपूर्ति हो सकेगी। (v) कुशल ऊर्जा कार्यक्रमों के उपयोग के माध्यम से ऊर्जा विकास का एक सतत् तरीका विकसित करना आज के समय की मांग है। (vi) ऊर्जा संरक्षण के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाए।	**55 G**	**5X1=5**

	(vii) सीमित ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति सतर्क दृष्टिकोण। (viii) सौर, पवन और भू–तापीय जैसे ऊर्जा के गैर–परंपरागत स्रोतों का उपयोग। (ix) ऊर्जा बचाने के लिए छोटे–छोटे कदम जैसे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, उपयोग में न होने पर बिजली का स्विच ऑफ करना, बिजली बचाने वाले उपकरणों का उपयोग करना आदि। (x) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं के माध्यम से पुष्टि अपेक्षित है।** **अथवा** **(B) "हमें अपने खनिजों के संरक्षण के लिए उनका सुनियोजित एवं सतत् पोषणीय ढंग से प्रयोग करना होगा।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए।** (i) खनिज संसाधन सीमित और गैर–नवीकरणीय हैं। (ii) कोयला एवं लौह जैसे खनिजों का निर्माण काफी लंबे समय के बाद होता है। (iii) खनिज भंडारों पर उद्योग और कृषि की उच्च निर्भरता है। (iv) उपयोग किए गए संसाधनों की पुनःपूर्ति एक समय लेने वाली प्रक्रिया है। (v) खनिज संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग समय की मांग है। (vi) कम लागत पर निम्न–श्रेणी के अयस्कों के उपयोग के लिए प्रौद्योगिकी में सुधार। (vii) धातुओं का पुनः उपयोग। (viii) पर्यावरणीय कानूनों का सख्ती से अनुपालन। (ix) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं के माध्यम से पुष्टि अपेक्षित है।**	**49 G**	**5X1=5**
32	**(A) "लोकतांत्रिक सरकारें लोगों की जरूरतों और मांगों का ध्यान रखती हैं।" उचित तर्कों सहित कथन को न्यायसंगत ठहराइए।** (i) लोकतंत्र नियमित और स्वतंत्र चुनाव कराने में सफल होते हैं, जिससे सभी नागरिकों को सरकार चुनने का उचित अवसर मिलता है। (ii) लोकतांत्रिक सरकार एक वैध सरकार होती है, क्योंकि यह नागरिकों द्वारा चुनी जाती है और यह उनके प्रति जवाबदेह होती है। (iii) लोकतंत्र अपने सभी लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करता है।	**67 P**	**1x5=5**

	(iv) लोकतांत्रिक सरकारें प्रमुख नीतियों और कानूनों पर खुली सार्वजनिक बहस को प्रोत्साहित करती हैं। (v) लोकतांत्रिक सरकारें पारदर्शी होती हैं, क्योंकि वे नागरिकों को निर्णय लेने की प्रक्रिया की जांच करने की अनुमति देती हैं। (vi) लोकतांत्रिक सरकारें गैर–लोकतांत्रिक सरकारों की तुलना में भ्रष्टाचार से काफी हद तक मुक्त होती हैं। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं के आधार पर न्यायसंगत ठहराया जाना अपेक्षित है।** **अथवा** **(B) "व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में लोकतंत्र किसी भी अन्य प्रकार की सरकार से बेहतर है।" उपयुक्त तर्कों सहित कथन को न्यायसंगत ठहराइए।** (i) प्रत्येक व्यक्ति अपने साथियों से सम्मान प्राप्त करना चाहता है। (ii) समाज में संघर्ष तब उत्पन्न होता हैं जब उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार नहीं किया जाता। (iii) सम्मान और स्वतंत्रता की चाह ही लोकतंत्र का आधार है जिसे विभिन्न लोकतांत्रिक देशों में विभिन्न स्तरों पर हासिल किया गया है। (iv) विश्व भर में महिलाओं ने सदा ही सम्मान और समान व्यवहार के लिए संघर्ष किया है। (v) लोकतंत्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों ने उन्हें ये अधिकार हासिल करने में मदद की है। (vi) लोकतंत्र ने वंचित और भेदभाव वाले समुदायों के समान दर्जे और समान अवसर के दावों को मजबूत किया है। (vii) लोकतंत्र में सम्मान और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने से लोगों की स्थिति प्रजा से नागरिक की हो गई है। (viii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं के आधार पर न्यायसंगत ठहराया जाना अपेक्षित है।**	**70-72 P**	**5x1=5**

33	**(A) देश की अर्थव्यवस्था में बैंकों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।** (i) विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता या ऋण प्रदान करता है। (ii) लोगों की बचत की आदतों को बढ़ावा देता है। (iii) उन लोगों के बीच मध्यस्थता करना जिनके पास अतिरिक्त धन है (जमाकर्त्ता) और जिन्हें धन की आवश्यकता है (ऋण लेने वाले)। (iv) लोगों द्वारा जमा की गई राशि पर ब्याज का भुगतान करता है। (v) लोगों के अतिरिक्त धन की देखभाल करता है। (vi) देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।** **अथवा**	**42-43E**	**5X1=5**
	(B) भारत में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (i) स्वयं सहायता समूह एक ऐसा संगठन है जो ग्रामीण गरीबों, खासकर महिलाओं के साथ काम करता है। (ii) इसमें आमतौर पर एक मोहल्ले के 15–20 सदस्य होते हैं। (iii) वे नियमित रूप से मिलते हैं और बचत करते हैं। (iv) लोगों की बचत करने की क्षमता के आधार पर प्रति सदस्य बचत 25 से 100 रुपये या उससे अधिक होती है। (v) सदस्य अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत कम ब्याज दर पर समूह से छोटे ऋण ले सकते हैं। (vi) यदि समूह नियमित रूप से बचत करता है, तो वह बैंक से ऋण लेने के लिए पात्र हो जाता है। (vii) सदस्यों के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिए समूह के नाम पर ऋण स्वीकृत किया जाता है। (viii) बचत और ऋण गतिविधियों के बारे में निर्णय समूह के सदस्यों द्वारा लिए जाते हैं। (ix) ऋण की अदायगी के लिए समूह जिम्मेदार होता है।	**42-49E**	**5X1=5**

	(x) किसी भी सदस्य द्वारा ऋण न चुकाने की स्थिति में, अन्य सदस्य इसे गंभीरता से लेते हैं। (xi) उन्हें बैंकों से बिना किसी जमानत के भी ऋण मिल जाता है। (xii) स्वयं सहायता समूह स्वास्थ्य, पोषण, घरेलू हिंसा आदि जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने और कार्रवाई करने का एक मंच भी है। (xiii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।**		
	खण्ड – ड. **(केस/स्रोत– आधारित प्रश्न)**		**3X4=12**
34	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **पवित्र पेड़ों के झुरमुट – विविध और दुर्लभ जातियों की संपत्ति** प्रकृति की पूजा सदियों पुराना जनजातीय विश्वास है, जिसका आधार प्रकृति के हर रूप की रक्षा करना है। इन्हीं विश्वासों ने विभिन्न वनों को मूल एवं कौमार्य रूप में बचाकर रखा है, जिन्हें पवित्र पेड़ों के झुरमुट (देवी–देवताओं के वन) कहते हैं। इन वन खंडों या बड़े वन के भागों को स्थानीय लोगों द्वारा अछूता छोड़ दिया गया है तथा इनमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप प्रतिबंधित है। कुछ समाज कुछ विशेष पेड़ों की पूजा करते हैं और आदिकाल से उनका संरक्षण करते आ रहे हैं। छोटानागपुर क्षेत्र में मुंडा और संथाल जनजातियाँ महुआ और कदंब के पेड़ों की पूजा करते हैं। ओडिशा और बिहार की जनजातियाँ शादी के दौरान इमली और आम के पेड़ की पूजा करती हैं। हममें से बहुत से व्यक्ति पीपल और वटवृक्ष को पवित्र मानते हैं। भारतीय समाज में अनेकों संस्कृतियाँ हैं और प्रत्येक संस्कृति में प्रकृति और इसकी कृतियों को संरक्षित करने के अपने पारंपरिक तरीके हैं। आमतौर पर झरनों, पहाड़ी चोटियों, पेड़ों और पशुओं को पवित्र मानकर उनका संरक्षण किया जाता है। आप अनेक मंदिरों के आसपास बंदर और लंगूर पाएँगे। उपासक उन्हें खिलाते–पिलाते हैं और मंदिर के भक्तों में गिनते हैं। राजस्थान में बिश्नोई गाँवों के आसपास आप काले हिरण, चिंकारा, नीलगाय और मोरों के झुंड देख सकते हैं जो वहाँ के समुदाय का अभिन्न हिस्सा हैं और कोई उनको नुकसान नहीं पहुँचाता। **34.1 पवित्र वन, आध्यात्मिकता और पारिस्थितिकी के आपसी संबंध को कैसे दर्शाता हैं? (1)** (i) पवित्र गुणों को अक्सर झरनों, पर्वत शिखरों, पौधों और जानवरों को माना जाता है जिन्हें बारीकी से संरक्षित किया जाता है। (ii) बहुत सारे समुदायों में पर्वतों, वृक्षों, जानवरों की पूजा की जाती है।	**17 G**	**4**

	(iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन कीजिए।** **34.2 जनजातियों की प्रथाएं वन संरक्षण को कैसे बढ़ावा देती हैं? (1)** (i) छोटा नागपुर क्षेत्र के मुंडा और संथाल महुआ और कदंब के पेड़ों की पूजा करते हैं। (ii) ओडिशा और बिहार के आदिवासी शादियों के दौरान इमली और आम के पेड़ों की पूजा करते हैं। (iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन कीजिए।** **34.3 वन्य जीव संरक्षण हम सबके लिए महत्वपूर्ण क्यों है? व्याख्या कीजिए। (2)** (i) यह पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखता है। (ii) पारिस्थितिक विविधता को संरक्षित करता है। (iii) हमारे जीवन समर्थन प्रणाली को संरक्षित करता है। (iv) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।**		
35	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **प्रकाशन के नए रूप** उन्नीसवीं सदी के अंत तक, एक नयी तरह की दृश्य–संस्कृति भी आकार ले रही थी। छापेख़ानों की बढ़ती तादाद के साथ छवियों की कई प्रतियाँ अब बड़ी आसानी से बनाई जा सकती थीं। राजा रवि वर्मा जैसे चित्रकारों ने आम खपत के लिए तसवीरें बनाईं। काठ की तख़्ती पर चित्र उकेरने वाले ग़रीब दस्तकारों ने लेटरप्रेस छापेख़ानों के करीब अपनी दुकानें लगाईं और मुद्रकों से काम पाने लगे। बाज़ार में सुलभ सस्ती तसवीरें और कैलेंडर ख़रीदकर ग़रीब भी अपने घरों एवं दफ़्तरों में सजाया करते थे। इन छपी तसवीरों ने आहिस्ता–आहिस्ता आधुनिकता और परंपरा, धर्म और राजनीति तथा समाज और संस्कृति के लोकप्रिय विचार–लोक को गढ़ना शुरू किया। 1870 के दशक तक पत्र–पत्रिकाओं में सामाजिक–राजनीतिक विषयों पर टिप्पणी करते हुए कैरिकेचर और कार्टून छपने लगे थे। कुछ में शिक्षित भारतीयों की पश्चिमी पोशाक और पश्चिमी अभिरुचियों का मज़ाक उड़ाया गया, जबकि कुछ अन्य में सामाजिक परिवर्तन को लेकर एक डर देखा गया। साम्राज्यवादी व्यंग्यचित्रों में राष्ट्रवादियों का मज़ाक उड़ाया जाता था, तो राष्ट्रवादी भी साम्राज्यवादी सत्ता पर निशाना साधने में पीछे नहीं रहे। **35.1 प्रिंटिंग तकनीक के विकास ने दृश्य संस्कृति को कैसे प्रभावित किया। (1)** (i) राजा रवि वर्मा जैसे चित्रकारों ने बड़े पैमाने पर प्रचलन के लिए चित्र बनाए। (ii) प्रिंटिंग प्रेस की बढ़ती संख्या के कारण दृश्य छवियों को आसानी से कई प्रतियों में पुनः प्रस्तुत किया जा सकता था। (iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन कीजिए।**	**123 H**	**4**

	35.2 राजा रवि वर्मा ने भारत में कला के सामूहिक प्रसार में कैसे योगदान दिया? (1) (i) बाज़ार में आसानी से उपलब्ध सस्ते प्रिंट और कैलेंडर को गरीब लोग भी अपने घरों या कार्यस्थलों की दीवारों को सजाने के लिए खरीद सकते थे। (ii) राजा रवि वर्मा प्रेस ने असंख्य पौराणिक चित्र बनाए जो अब आम जनता के लिए सुलभ थे। (iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन कीजिए।** **35.3 दृश्य संस्कृति ने 19वीं शताब्दी के अंत में सामाजिक परिदृश्य की स्मृति को कैसे आकार दिया? स्पष्ट कीजिए।** (2) (i) सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर टिप्पणी करते हुए पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में कैरिकेचर और कार्टून प्रकाशित किए जा रहे थे। (ii) कुछ ने पश्चिमी स्वाद और कपड़ों के प्रति शिक्षित भारतीयों के आकर्षण का उपहास किया। (iii) दूसरों ने सामाजिक परिवर्तन के डर को व्यक्त किया। (iv) राष्ट्रवादी कार्टूनों ने औपनिवेशिक शासन की आलोचना की। (v) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।**		
36	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **स्थानीय स्वशासन** स्थानीय शासन का ढाँचा ज़िला स्तर तक का है। कई ग्राम पंचायतों को मिलाकर पंचायत समिति का गठन होता है। इसे मंडल या प्रखंड स्तरीय पंचायत भी कह सकते हैं। इसके सदस्यों का चुनाव उस इलाके के सभी पंचायत सदस्य करते हैं। किसी ज़िले की सभी पंचायत समितियों को मिलाकर ज़िला परिषद् का गठन होता है। ज़िला परिषद् के अधिकांश सदस्यों का चुनाव होता है। ज़िला परिषद् में उस ज़िले से लोक सभा और विधान सभा के लिए चुने गए सांसद और विधायक तथा ज़िला स्तर की संस्थाओं के कुछ अधिकारी भी सदस्य के रूप में होते हैं। ज़िला परिषद् का प्रमुख इस परिषद् का राजनीतिक प्रधान होता है। इस प्रकार स्थानीय शासन वाली संस्थाएँ शहरों में भी काम करती हैं। शहरों में नगरपालिका होती है। बड़े शहरों में नगर निगम का गठन होता है। नगरपालिका और नगर निगम, दोनों का कामकाज निर्वाचित प्रतिनिधि करते हैं। नगरपालिका प्रमुख नगरपालिका के राजनीतिक प्रधान होते हैं। नगर निगम के ऐसे पदाधिकारी को मेयर कहते हैं। स्थानीय सरकारों की यह नयी व्यवस्था दुनिया में लोकतंत्र का अब तक का सबसे बड़ा प्रयोग है। **36.1 ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के बीच संबंधों को स्पष्ट कीजिए।** (1) (i) ग्राम पंचायतों को मिलाकर पंचायत समितियां बनाई जाती हैं। (ii) पंचायत समिति कानून जिला परिषद व ग्राम पंचायत के मध्य सेतू का कार्य करता है। (iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन कीजिए।** **36.2 नगर निगम की संरचना नगरपालिका से किस प्रकार भिन्न है?** (1)	**24-25 P**	**4**

	(i) नगर निगम एक शहरी स्थानीय स्वशासन निकाय है जो शहर का प्रशासन करता है। नगर पालिका भी एक शहरी स्वशासन निकाय है जो शहर का प्रशासन करता है। (ii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन कीजिए।** **36.3 स्थानीय सरकार की संरचना लोकतंत्र को कैसे बढ़ावा देती है? परख कीजिए।** **(2)** (i) यह जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देता है। (ii) यह लोकतंत्र को गहरा करता है। (iii) महिलाओं की भागीदारी बढ़ाता है। (iv) निर्णय लेने में लोगों की भागीदारी। (v) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।**		
	खण्ड – च **(मानचित्र कौशल आधारित प्रशन)**		**(2+3=5)**
37 (a)	(i) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा– मानचित्र पर दो स्थानों 'A' और 'B' को अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके समीप खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। a. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ। **मद्रास (चेन्नई)** b. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून को तोड़ा। **दांडी** **उत्तर के लिए संलग्न मानचित्र को देखिए।** **नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (a) के स्थान पर हैं।** (a). उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ। **मद्रास (चेन्नई)** (b). उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा। **दांडी** (ii) भारत के इसी रेखा – मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिएः (a). चेनाब नदी पर बना एक प्रमुख बाँध। **सलाल** (b). उत्तर प्रदेश स्थित एक परमाणु संयंत्र। **नरौरा** (c). कर्नाटक स्थित एक प्रमुख सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क। **बेंगलूरू** (d). ओडिशा स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन। **पाराद्वीप** **उत्तर के लिए संलग्न मानचित्र को देखिए।**		**1** **1** **1** **1** **1** **1** **1** **1**

	नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (b) के स्थान पर हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः (a). उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ चेनाब नदी पर एक प्रमुख बाँध स्थित है। **सलाल** (b). उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है। **नरौरा** (c). उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में एक प्रमुख सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क स्थित है। **बेंगलूरू** (d). उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ ओडिशा में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है। **पाराद्वीप**		**1** **1** **1** **1**

